समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# दुनिया का पहला सीएनजी स्कूटर जो सीएनजी और पेट्रोल दोनों.....

Publisher

Published on 18 Jan 2025



## दुनिया का पहला सीएनजी स्कूटर भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो मे प्रंदर्शित किया गया। जुपिटर कंपनी ने टीवीएस जुपिटर 125 सीएनजी स्कूटर पेश किया है।

**TVS Jupiter CNG:** जल्द ही आप **CNG** कार की तरह **CNG स्कूटर** पर भी सफर कर सकेंगे। देश की अग्रणी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी **टीवीएस मोटर्स** ने दुनिया का पहला सीएनजी स्कूटर लॉन्च किया है। दुनिया का पहला सीएनजी स्कूटर **भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो** (बीएमजीई 2025) में प्रदर्शित किया गया। कंपनी का दावा है कि यह स्कूटर **सीएनजी** और **पेट्रोल** दोनों मोड में **226 किलोमीटर** का शानदार माइलेज देगा।

**टीवीएस जुपिटर सीएनजी** स्कूटर का लुक और डिजाइन पारंपरिक **जुपिटर** जैसा ही है। लेकिन इस स्कूटर के सिस्टम और पावरट्रेन में कई बदलाव किए गए हैं। इसके अलावा स्कूटर के पैनल पर **CNG** बैजिंग भी दी गई है। क्युँकि एक्सपो में पेश किया गया मॉडल एक कॉन्सेप्ट मॉडल है, इसलिए कंपनी ने इसके बॉडी पैनल्स पर कोई बड़ा काम नहीं किया है।

इस स्कूटर का इंजन तंत्र भी नवीनतम है। कंपनी द्वारा प्रदर्शित कांसेप्ट मॉडल में **124.8 सीसी, सिंगल-सिलिंडर, एयर-कूल्ड बाय-फ्यूल इंजन** का प्रयोग किया गया है। यह इंजन **7.2 हॉर्सपावर** और **9.4 एनएम का पीक टॉर्क** उत्पन्न करता है। यह इंजन **कंटीन्यूअसली वेरिएबल ट्रांसमिशन** (**CVT**) ऑटोमैटिक गियरबॉक्स से जुड़ा है। इसकी अधिकतम गति 80.5 किमी/घंटा है।

**जुपिटर सीएनजी** के डिजाइन को देखकर आश्चर्य होता है कि इसका सीएनजी सिलेंडर कहां लगा है। इस स्कूटर की सीट के नीचे सीएनजी सिलेंडर लगा हुआ है। टीवीएस जुपिटर **125 बाई-फ्यूल** में पेट्रोल के लिए 2 लीटर का टैंक और सीएनजी के लिए 1.4 किलोग्राम का सिलेंडर है। इसका डिज़ाइन बजाज द्वारा हाल ही में लॉन्च की गई दुनिया की पहली सीएनजी बाइक बजाज फ्रीडम से मिलता जुलता है। सीट के नीचे सीएनजी नोजल दिया गया है।

कंपनी का दावा है कि यह स्कूटर **सीएनजी** और **पेट्रोल मोड** में 226 किलोमीटर तक की संयुक्त ड्राइविंग रेंज प्रदान करने में सक्षम होगा। सीएनजी से पेट्रोल मोड पर स्विच करने के लिए एक सरल बटन दिया गया है। केवल एक बटन दबाकर ईंधन मोड को बहुत आसानी से बदला जा सकता है।

जुपिटर 125 सीएनजी में **एलईडी हेडलाइट, मोबाइल चार्जिंग पोर्ट, ऑल-इन-वन लॉक** और **साइड स्टैंड इंडिकेटर** जैसे बेहतरीन फीचर्स हैं। **जुपिटर 125 सीएनजी** को मेटल-मैक्स बॉडी दी गई है। जुपिटर 125 सीएनजी स्कूटर कब लॉन्च होगा, इस बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.